केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
गंगानाथ झा परिसर
चन्द्रशेखर आजाद पार्क, प्रयागराज (उ.प्र.)
(संसदः अधिनियमेन संस्थापितः)
भारतशासनस्य शिक्षामन्त्रालयाधीनः

Central Sanskrit University
Ganganath Jha Campus
Chandra Shekhar Azad Park, Prayagraj, U.P
(Established by an Act of Parliament)
Under the Ministry of Education, Govt. of India

शोध एवं विकास प्रकोष्ठ

E-mail-rdc@csu.co.in
Tel. 0532-2977532

पत्रांक- के.सं.वि./गं.ना.झा परिसर/शो.प्र. -11/2023/ १८०

दिनाङ्क - 28.07.2023

अधिसूचना

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली मुख्यालय अधिसूचना 8-4/CSU/Acd./BoD/2022/110 दिनाङ्क 21.04.2023 के अनुसार अन्तः शास्त्रीय शोध (Inter-disciplinary Research)/बहुशास्त्रीय शोध (multi-disciplinary Research) हेतु केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में शोधरत शोधच्छात्रों से शोधच्छात्रवृत्ति हेतु आवेदन आमन्त्रित किये जाते हैं। संलग्न आवेदन पत्र में अपना आवेदन प्रेषित करें। आवेदन हेतु निम्नलिखित नियम एवं विषय अवधेय हैं --

1. केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के परिसरों एवं केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की शोध संस्थाओं के शोधच्छात्र इस शोधच्छात्रवृत्ति हेतु आवेदन कर सकते हैं।
2. इस छात्रवृत्ति के लिए विश्वविद्यालय के परिसरों एवं शोध संस्थाओं में शोधरत छात्र जिनका शोधविषय अन्तः शास्त्रीय शोध (Inter-disciplinary Research)/बहुशास्त्रीय शोध (multi-disciplinary Research) है वह आवेदन कर सकते हैं।
3. प्रस्तावित शोधविषय प्रामाणिक एवं अनुसंधेय हो।
4. शोधच्छात्रवृत्ति मासिक रु. 16,000/- है।
5. नियमित (Regular) शोधच्छात्र ही शोधच्छात्रवृत्ति हेतु आवेदन कर सकते हैं।
6. शोधच्छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले छात्रों को शोधकार्य पूर्ण करना अनिवार्य है।
7. नियमानुसार उपस्थिति पूर्ण होने पर ही छात्रवृत्ति देय होगी।
8. स्थानीय शोध समिति एवं मार्गदर्शक के त्रैमासिक शोधप्रगति प्रतिवेदन के आधार पर ही आगे की छात्रवृत्ति देय होगी।
9. शोधकार्य प्रगति संतोषजनक न होने पर स्थानीय समिति के प्रतिवेदन के आधार पर छात्रवृत्ति निरस्त की जा सकती है।
10. शोधविषय अन्तः शास्त्रीय/बहुशास्त्रीय है इसका निर्णय गठित समिति करेगी।
11. चयन समिति का निर्णय ही सर्वमान्य एवं अन्तिम होगा।
12. शोधच्छात्रवृत्ति हेतु स्थान सीमित है, अतः अन्तःशास्त्रीय/बहुशास्त्रीय विषय में शोध करने वाले छात्रों को विशेषज्ञ समिति के द्वारा साक्षात्कार में प्रदत्त अङ्कों की वरीयता के आधार पर **साक्षात्कार** के अनन्तर अधिसूचना की तिथि से यह छात्रवृति देय होगी।
13. शोधच्छात्र का प्रतिज्ञा-पत्र (Undertaking) अपेक्षित है।
14. शोधकर्ता एवं मार्गदर्शक के हस्ताक्षरित अन्तः शास्त्रीय शोध (Inter-disciplinary Research)/बहुशास्त्रीय शोध (multi-disciplinary Research) विषय का शुद्ध शोधप्रस्ताव आवेदन पत्र के साथ संलग्न (अपलोड) करें।
15. आवेदन की अन्तिम तिथि 15.09.2023 है।

आवेदन प्रक्रिया हेतु लिंक एवं QR Code:
https://forms.gle/4sGeDiHua6BrAesM6

(प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी)
निदेशक, शोध एवं विकास प्रकोष्ठ
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय